## खबर संक्षेप

### मारपीट करने की श्रमिक ने थाने में लिखाई रिपार्ट

**कांकेर।** कांकेर थाना में शिकायत करने पहुँचे महादेव वार्ड निवासी अनमोल सारथी पिता स्व. ईश्वर सारथी ने पुलिस को बताया कि हार्डवेयर में रोजी मजदूरी का कार्य करता हूँ। मैं 9 अप्रैल को रात करीबन साढ़े 7 बजे हार्डवेयर दुकान का सामान लेकर एक्टिवा स्कूटी क्रमांक सीजी 19 बीएच 5243 को चलाकर नया बस स्टैण्ड से आ रहा था, तभी संतोष्ज्ञी मंदिर के पास मेरे स्कूटी के सामने अचानक कुत्ता आने से मैं रोड में गिर गया, तो वहां पर मौजूद सूर्या मोटवानी और डोसा बनाने वाला मुकेश साहू नाम के व्यक्ति मेरे पास आए, तुझे गाड़ी चलाने नहीं आता है, कहते हुए गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देकर जातिगत गाली देते हुए एक राय होकर मेरे साथ हाथ मुक्का से मारपीट किए, जिससे मेरे बाए हांथ एवं पैर में चोट आई है। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### संकट का सामना करने से संकट होता है समाप्त : कृष्ण महाराज

**कोरर।** कोरर कृष्ण नगर पिप्लेश्वर महादेव में चल रही श्रीमदभागवत कथा के मध्य पांचवे दिन वृंदावन से पधारे प्रवचन कर्ता दीपक कृष्ण महाराज ने भगवान की बाल चरित्र एवं लीलाओं का श्रवण कराया एवं माखन चोरी लीला की कथा सुनाई और अंत में स्त्री गिरिराज महाराज का पूजन कराया। महाराज ने कथा में बताया की जीवन में कितने भी संकट क्यों न आ जाए कभी उन संकटों से घबराना नहीं चाहिए। भगवान कन्हैया के जीवन में बचपन में कितने संकट आए। कंस के द्वारा भेजे गए अनेक राक्षसों को भगवान ने सहजता पूर्वक मार डाला। इसी प्रकार व्यक्ति के जीवन में भी संकट आते हैं तो उनका सामना करना चाहिए संकट अपने आप समाप्त हो जाते हैं और गिरिराज महाराज की कथा और महत्व के बारे में बताया की जो गिरिराज भगवान की एक परिक्रमा लगाता है उसके जीवन के सारे संकट मिट जाते हैं।

### पीएम एप्रेंटिसशिप कैम्प होगा 15 को

**जगदलपुर।** जिले के शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बस्तर में राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन 15 अप्रैल को प्रातः 9.30 बजे से सायंकाल 5 बजे तक किया जाएगा। मेले में आईटीआई के समस्त व्यवसायों के उत्तीर्ण प्रशिक्षणाथियों का अप्रेंटिसशिप पोर्टल पर पंजीयन व औद्योगिक प्रतिष्ठान का एस्टेब्लिशमेंट रजिस्ट्रेशन संबधित भी किया जाएगा।

**वर्षगांठ : गायत्री मंत्र, प्रार्थना और मधुर गायन के साथ समारोह का किया शुभारंभ**

# जेपी इंटरनेशनल स्कूल में स्थापना दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया

**शिक्षा पर केंद्रित लघु नाटिका स्कूल यात्रा की एक जीवंत मंचन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर







जेपी इंटरनेशनल स्कूल में शुक्रवार को विद्यालय का 10 वाँ स्थापना दिवस समारोह हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस विशेष अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ छात्रों के विद्यालय आगमन के साथ संस्था प्राचार्य रितेश चौबे, उपप्राचार्या प्रकृति दास, स्कूल प्रधान अध्यापिका इस्मित जसाल गरिमामयी उपस्थिति में मां शारदे, बाबा गेलाराम, बाबा हरदासराम,एवं संस्था संस्थापक श्रद्धेय प्रताप राय गिदवानी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर विधिवत कार्यक्रम की शुरुआत की गई। गायत्री मंत्र एवं प्रार्थना गीत का मधुर गायन संगीत विभाग द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिससे समूचा वातावरण आध्यात्मिक और ऊर्जा से परिपूर्ण हो गया।

हिंदी विभाग के मार्गदर्शन में एक लघु नाटिका स्कूल यात्रा की एक जीवंत झलक प्रस्तुत की गई, जिसमें बंजर भूमि पर शिक्षा की अलख जगाने की कल्पना करने वाले स्वप्न दृष्टा संस्था संस्थापक स्व. प्रताप राय गिदवानी की सोच को साकार करते हुए स्कूल की भूमि पूजन से लेकर आज तक की उपलब्धियों को रेखांकित किया गया, जिसे देखकर पूरा वातावरण तालियों की गड़गड़ाहट से गुंजायमान हो उठा। तत्पश्चात, संगीत विभाग द्वाराजेपीआईएस की थीम पर आधारित सुर संगम की शानदार प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद सामाजिक विज्ञान विभाग द्वारा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसके अंतर्गत विद्यालय के गौरवशाली इतिहास और उपलब्धियोंपर आधारित प्रश्न रखा गया,जिसमें त्वरित सही जवाब देने वाले बच्चों को मंच पर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य द्वारा प्रेरणादायक विचारों से सभा को संबोधित करते हुए कहा यह सफलता आप सभी के मेहनत का परिणाम है, जिसमें उन्होंने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और नैतिक मूल्यों के महत्व को रेखांकित करते हुए स्कूल की शिक्षा के साथ- साथ सांस्कृतिक, सामाजिक, खेल, संगीत एवं कला के क्षेत्र में प्रमुख उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम की अंतिम कड़ी में नन्हे खिलखिलाते बच्चों के साथ मिलकर केक काटा गया, जिसके द्वारा विद्यालय की निरंतर प्रगति और समर्पण का प्रतीक प्रस्तुत किया गया। अंत में संगीत विभाग द्वारा राष्ट्रगान का आयोजन कर कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम का संचालन करिश्मा परवीन द्वारा आंग्ल भाषा में किया गया। विद्यालय की इस गौरवशाली 10 वें स्थापना दिवस पर संस्था संचालक ज्योति गिदवानी, संदीप गिदवानी, शंकर गिदवानी, शैक्षिक सलाहकार गोविंद मुदलियार ने विद्यालय के सर्वांगीण विकास में सहयोग करने वाले सभी बच्चों, परिजनों, शिक्षकों का आभार व्यक्त किया।

## ग्राम जाड़ेकुर्से सुशासन तिहार का जनपद सदस्य ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ की जनताओं की समस्याओ को देखते हुए समस्या की शीघ्र निराकरण करने के लिए स्वयं के निर्देशन में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा छत्तीसगढ़ के सभी ग्राम पंचायतों, जनपद पंचायतों एवं जिला पंचायतों में विष्णु के सुशासन के तहत प्रथम चरण 08 अप्रैल से 11 अप्रैल तक चलाई जाने वाली सुशासन तिहार में जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल के लोहत्तर क्षेत्र जनपद सदस्य विकास राजू नायक ने ग्राम पंचायत जाड़ेकुर्से में जाकर जानकारी लिया।

सुशासन तिहार के प्रथम चरण के तहत जाड़ेकुर्से में अब तक 240 आवेदन जमा किया गया है। लोहत्तर क्षेत्र जनपद सदस्य विकास राजू नायक ने कहा की इस सुशासन तिहार के अवसर पर अपना मांग और शिकायत आवेदन कर रहें है और समाधान पेटी में आवेदन डाल रहें है, जिससे अपने क्षेत्र की समस्या का निराकरण हो सकें। ग्रामीणों ने बताया कि रजनी दुग्गा डंडईखेड़ा एवं जाड़ेकुर्से वार्ड पंचो की अहम भूमिका निभा रहें है, जिसमें जिसको नोडल अधिकारी बनाया गया है वें डोमेद्र धारीवाल ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी दो दिन से नदारद है। मेरे द्वारा फोन करने पर गृह कार्य का बहना बनाया गया। इस तरह लापरवाह अधिकारी पर कार्यवाही किया जाए जो शासन की योजनाओं के तहत ग्रामीणों की समस्या को दूर करने के इस योजना को चलाया जा रहा है, लेकिन इस तरह अधिकारी का लापरवाही कही ग्रामीणों को इस योजना से वंचित न कर दे। इन अधिकारी ऊपर कार्यवाही किया जाए, जिससे और कोई भी इस तरह शासन की योजनाओं से वंचित न होना पड़े।

## पंचायत राऊरवाही के सुशासन तिहार पर दिखा विशेष उत्साह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

छतीसगढ़ प्रदेश में सुशासन तिहार प्रारंभ किया गया है, जिसमें विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत राऊरवाही में भी सुशासन तिहार को लेकर लोगों में काफी उत्साह नजर आया और लोग अपनी समस्या सुझाव को लेकर ग्राम पंचायत भवन पहुंचे, जहां प्रशासन सक्रिय है एवं वहीं जनमानस भी सुशासन तिहार को लेकर जागरूक है।

राऊरवाही में सुशासन तिहार को लेकर लोग उत्साह के साथ अपनी सुझाव समस्या एवं मांग पत्र को भरकर ग्राम पंचायत भवन में समाधान पेटी में डाला है। वहीं रोजगार सहायक सचिव भरत निषाद ने बताया ग्राम पंचायत में मुनादी कराकर नागरिकों से शिकायत, सुझाव और मांग पत्र कि प्राप्त कि गई है। समाधान पेटी के माध्यम से लोग अपना आवेदन पत्र जमा किए है। सुशासन तिहार का मुख्य उद्देश्य शासन और नागरिकों के बीच पारदर्शी संवाद स्थापित करना है। ग्रामीणों ने विभिन्न समस्याओं को लेकर आवेदन दिए हैं। इनमें बिजली, पानी, शौचालय निर्माण, वृद्धा पेंशन और स्वच्छता से जुड़े मुद्दे शामिल हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना, निर्माण कार्य, आय-जाति प्रमाण पत्र जैसे विषयों पर भी आवेदन मिले हैं एवं सभी आवेदनों का निराकरण शिविर के बाद संबंधित विभागों के माध्यम से किया जाएगा। पहल से सरकारी योजनाओं का लाभ आम लोगों तक पहुंचाने और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित होगा।

## केशकाल के जाम फंसे पर कार सहित 51 लाख का गांज बरामद, तस्कर हुए फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



ओडिशा से कांकेर की ओर गांजा लेकर आ रही फारचूनर वाहन को केशकाल पुलिस ने घाटी के निकट से पकड़ लिया। केशकाल घाट में जाम लगने के बाद पुलिस वहां पहुंची तो चालक बचने के लिए एक कच्चे रास्ते में वाहन को डाल दिया। आगे रास्ता नहीं होने से तस्कर भाग नहीं सके और फारच्यूनर को वहीं छोड़ फरार हो गए। फारच्यूनर वाहन राजस्थान का है तथा उसमें 25 लाख रूपए का गांजा भरा हुआ था।

- जाम में फंसने पर कार को कच्चे रास्ते पर डाल किंतु रास्ता नहीं होने से कार छोड़कर भाग गए

केशकाल पुलिस को 10 अप्रैल को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक फारचूनर वाहन ओडिशा से कांकेर की ओर गांजा लेकर निकली है। जप्त की गई कार का नंबर आरजे 50 यूए 0788 है। जानकारी पर पुलिस केशकाल थाना के सामने एनएच 30 पर चेक पोस्ट लगा वाहन का इंतजार करने लगी। 11 अप्रैल की रात फारच्यूनर वहां पहुंची और पुलिस को चकमा देकर थाना से आगे बढ़ गई। पुलिस भी उसके पीछे लग गई। केशकाल घाट के निकट जैसे वे पहुंचे वहां जाम लगा था। पुलिस से बचने के लिए चालक ने फारच्यूनर को निकट ही एक कच्चे रास्ते में डाल दिया, महज 300 मीटर ही अंदर जाने के बाद आगे रास्ता नहीं था। तस्कर वाहन को मौके पर छोड़ अंधेरा फायदा उठा वहां से भाग गए। पुलिस वाहन की तलाश लिया, उसमें 130 पैकेट में 26 लाख रूपए का गांजा बरामद किया। इसके साथ ही 25 लाख रूपए कीमत की फारच्यूनर वाहन को भी जप्त कर लिया।

केशकाल थाना प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह चौहान ने कहा वाहन के नंबर के आधार पर उसके मालिक की जानकारी जुटाई जा रही है। कार्रवाई में एएसआई निहार रंजन मंडल, आरक्षक मनोहर निषाद, जितेंद्र महला, अरूण यादव, धमेंद्र नेगी, विनोद मरकाम, अनिल कुलदीप आदि शामिल थे।

## टेकरी वाले हनुमान मंदिर में जलेंगे जन्मोत्सव पर 11 हजार से अधिक दीप

**जगदलपुर।** टेकरी वाले हनुमान मंदिर में शनिवार से दो दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। 12 अप्रैल को ब्रम्ह मुहूर्त में हनुमान का तीर्थ जल स्नान अभिषेक पूजन आरती होगा। तत्पश्चात 7:30 बजे हनुमान चालीसा, हनुमान अष्टक, बजरंग वंदना का पाठ करते हुए विधि विधान पूर्वक चोला अर्पण किया जायेगा। इसके बाद सुबह 9 बजे से अखण्ड सुन्दर काण्ड का पाठ श्री टेकरीवाले हनुमान मंदिर रामायण मंडली तथा भक्तों द्वारा किया जाएगा जो अगले दिन रविवार को 11 बजे तक जारी रहेगा। पुजारी पंडित नारायण प्रसाद जोशी ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव के दिन संध्याबेला में मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं द्वारा 11 हजार दीपक प्रज्जवल्लित कर हनुमान जी को अर्पण किया जाएगा। 13 अप्रैल दिन रविवार को सुन्दर काण्ड रामायण की समापन के पश्चात हवन आरती एवं महाभंडारा होगा।

## ओडिशा के चार वाहन चोर गिरफ्तार, 9 बाइक बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



शहर के आसपास के क्षेत्रों में लगातार हो रही मोटरसाइकिल चोरी के आरोपियों की पुलिस लगातार तलाश कर रही थी। इसी दौरान पुलिस ने कुछ संदेहियों को गिरफ्तार किया गया। जिनके पास से चोरी की 9 मोटरसाइकिल बरामद की गईं। यह मामला नगरनार थाना क्षेत्र का है, जिसमें पुलिस ने 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है सभी आरोपी ओडिशा के हैं।

पुलिस ने बताया कि 5 अप्रैल को प्रार्थी गणेश पंडवानी निवासी ग्राम झरनीगुडा के द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई कि अपनी मोटर साइकिल को लेकर चोकावाड़ा मेला में गया था, जिसे कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। अज्ञात आरोपी की तलाश के लिए टीम गठित की गई। पुलिस ने इस दौरान चार संदिग्धों को पकड़ा, जिसमें राजेश भतरा उर्फ राजू, अजय हरिजन, दिवाकर उर्फ दिवा भतरा, दिलीप हरिजन शामिल है। विगत दो वर्षों से राजेश भतरा उर्फ राजू की लीडरशिप में गैंग बनाकर आसपास के बाजार, मेले में मोटरसाइकिल चोरी करते थे।

## कोकानपुर सुशासन तिहार में 260 आवेदन हुए प्राप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरर

राज्य सरकार द्वारा पूरे प्रदेश में चलाए जा रहे सुशासन तिहार में समस्याओं का समाधान आपके शहर आपके ग्राम 8 से 31 मई 2025 के तहत प्रथम चरण में 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक ग्राम पंचायत भवन कोकानपुर में रखी समाधान पेटी में ग्राम के महिला व पुरुषों ने शिकायत दर्ज किया। सुशासन तिहार पर ग्रामीण, महिला व पुरुषों में काफी उत्साह देखा गया।

नोडल अधिकारी वीरेंद्र बघेल एवं प्रभारी भीष्म कुमार वर्मा ने बताया कि प्रथम चरण 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक तीन व चार दिनों में पूरे ग्राम पंचायत से 260 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना, महतारी वंधन योजना, शौचालय निर्माण सहित विभिन्न ग्रामीण समस्याओं के समाधान के लिए आवेदन शिकायत दर्ज किए। सुशासन तिहार योजना के बारे में ग्राम पटेल माखन मंडावी एवं उपसरपंच योगीता राघवेंद्र राजपूत के द्वारा समाधान पेटी में ग्राम के विभिन्न प्रमुख समस्याओं को लेकर फॉर्म भरकर समाधान पेटी में शिकायत दर्ज किया। ग्राम पटेल माखन मंडावी ने कहा कि राज्य सरकार को धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि सुशासन तिहार के माध्यम से ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं का समाधान होगा। ग्राम पंचायत भवन कोकानपुर में प्रथम चरण के समापन अवसर पर टाकेश धनकर, लीलेश साहू, खमन यदु, हल्का पटवारी तपेश जैन, सालिक राम अलनिया आदि उपस्थित रहे।

पेज 11 का शेष...

### अतिसंवेदनशील अर्रा...

तिहार की यह बड़ी कामयाबी है, जिसके तहत अतिसंवेदनशील इलाकों में निवासरत ग्रामीणों ने लोकतंत्र पर आस्था प्रकट किया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुसार प्रदेशभर में सुशासन तिहार आयोजित कर ग्रामीण एवं शहरी आवेदकों से उनकी समस्याओं व मांगों पर आधारित आवेदन प्राप्त किए जा रहे हैं। जिले के आवेदक निर्धारित प्रारूप में अपनी शिकायतों व मांगों को लिखकर समाधान पेटी में जमा कर रहे हैं। सुशासन तिहार के अंतिम दिन आज आवेदन जमा करने के लिए आवेदकों का तांता लगा रहा। उल्लेखनीय है कि सुशासन तिहार के पहले चरण में 08 अप्रैल से 11 अप्रैल तक आवेदन प्राप्त किए गए। इसके तहत जिले के सभी विकासखण्ड अंतागढ़, कोयलीबेड़ा, दुर्गूकोंदल, भानुप्रतापपुर, चारामा, नरहरपुर और कांकेर की सभी ग्राम पंचायतों के अलावा नगरीय निकायों में रखी गई समाधान पेटी में आवेदक अपनी शिकायतों, समस्याओं अथवा मांगों को लिखित तौर पर जमा किया है।

समस्याओं का किया जाएगा निराकरण- दूसरे चरण में 04 मई तक प्राप्त आवेदनों का समाधान किया जाएगा तथा 05 से 31 मई तक समाधान के लिए की गई कार्यवाही की समीक्षा करने के लिए शिविर आयोजित किए जाएंगे, जहां मौके पर मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री सहित केबिनेट मंत्री अथवा राज्य स्तर के आला अधिकारी मौजूद रहकर समाधान की गुणवत्ता परखेंगे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,000/-
8 रात व 9 दिन
EX हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
02 मई से 10 मई 2025, 07 मई से 15 मई 2025, 18 मई से 26 मई 2025, 04 जून से 12 जून 2025
राशिः- स्टैंडर्ड पैकेज 17,000/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411